अफगानिस्तान और नेपाल के साथ भारत का व्यापार

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

चर्चा में क्यों?

वर्ष 2023-24 में भारत का **अफगानिस्तान** के साथ असामान्य व्यापार घाटा दर्ज किया गया।

- एक अन्य घटनाक्रम में नेपाल से **सोयाबीन तेल** का आयात 14 गुना बढ़ गया (अप्रैल-नवंबर 2024), इसका कारण **संभवतः उत्पत्ति के नियम (RoO) का उल्लंघन** था।

और पढ़ें: [भारत के तालिबान के साथ संबंध]

अफगानिस्तान और नेपाल के साथ भारत के व्यापार की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

- **अफगानिस्तान:**
    - **द्विपक्षीय व्यापार प्रवृत्ति:** अफगानिस्तान को भारत का निर्यात **वर्ष 2020-21 के 825.78 मिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर वर्ष 2023-24 में 355.45 मिलियन अमेरिकी डॉलर** हो गया, जबकि आयात **वर्ष 2020-21 के 509.49 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023-24** में रिकॉर्ड **642.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर** हो गया।
        - इससे पहले, भारत का अफगानिस्तान के साथ **वर्ष 2000-01** में **व्यापार घाटा (0.73 मिलियन अमेरिकी डॉलर)** था।
    - **आयात: अंजीर, हींग, किशमिश, सेब,** लहसुन, केसर, बादाम, प्याज, अनार और अखरोट जैसे कृषि उत्पादों का प्रभुत्व है।
    - **निर्यात:** मुख्यतः **दवाइयाँ, टीके, सोयाबीन भोजन और वस्त्र**।
    - **प्रमुख उत्पाद: वर्ष 2023-24** में, अफगानिस्तान **हींग, किशमिश और लहसुन** का प्राथमिक आपूर्तिकर्ता था।
        - वर्ष 2023-24 में, **ईरान और तुर्की के बाद अफगानिस्तान भारत का तीसरा सबसे बड़ा सेब आपूर्तिकर्ता बन गया** (इटली और अमेरिका को पीछे छोड़ दिया) है।

[//]

- **नेपाल:** भारत का कुल **सोयाबीन तेल आयात वर्ष 2023 में 2.5 बलियिन अमेरिकी डॉलर** से **19% बढ़कर** लगभग **3 बलियिन अमेरिकी डॉलर (अप्रैल-नवंबर 2024)** हो गया है।
    - **उत्पत्ति के नियम का उल्लंघन:** नेपाल **98% कच्चा खाद्य तेल आयात करता है, उसे परिष्कृत करता है, तथा** भारत को निर्यात करता है, जो शुल्क संरचना शोषण का संकेत है।
        - **नेपाल-भारत व्यापार संधि (2009)** के कारण नेपाल को अन्य निर्यातकों की तुलना में **30% टैरिफ लाभ** प्राप्त है, जो भारत को **शुल्क मुक्त निर्यात** की अनुमति प्रदान करता है।

नोट: उत्पत्ति के नियम (RoO) वे मानदंड हैं जिनका उपयोग अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में किसी उत्पाद के **मूल देश** को निर्धारित करने के लिये किया जाता है।

- RoO **"व्यापार विचलन" को रोकने में सहायक है,** जहाँ एक देश में उत्पादित वस्तुओं को कम टैरिफ का लाभ उठाने के लिये **दूसरे देश के माध्यम से प्रेषित किया जाता है।**
- RoO को [विश्व व्यापार संगठन (WTO)](#) **द्वारा उत्पत्ति के नियमों पर समझौते के** माध्यम से नियंत्रित किया जाता है।

नेपाल-भारत व्यापार संधि 2009

- **शुल्क-मुक्त पहुँच:** यह **नकारात्मक सूची** (जैसे, सिगरेट, शराब, सौंदर्य प्रसाधन) को छोड़कर सभी **नेपाल निर्मित वस्तुओं के लिये गैर-पारस्परिक शुल्क-मुक्त पहुँच प्रदान करता है।**
- **वार्षिक कोटा:** इसे केवल चार संवेदनशील वस्तुओं अर्थात **वनस्पति वसा, ऐक्रेलिक यार्न, ताँबा उत्पाद और जिंक ऑक्साइड के लिये भारत को शुल्क मुक्त निर्यात हेतु निर्धारित किया गया था।**
- **व्यापार तंत्र:** भारत-नेपाल द्विपक्षीय व्यापार **भारतीय रुपए में किया जाता है**, जिसकी विनिमय दर **1.6 नेपाली रुपए प्रति भारतीय रुपया निर्धारित है।**

और पढ़ें... [भारत और नेपाल के बीच सहयोग के क्षेत्र](#)

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न (PYQs)

??????????

प्रश्न. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये: (2022)

1. आज़रबैजान
2. किर्गिज़्स्तान
3. ताज़िकिस्तान
4. तुर्कमेनिस्तान
5. उज़्बेकिस्तान

उपर्युक्त में से किसकी सीमा अफगानिस्तान से लगती है?

(a) केवल 1, 2 और 5
(b) केवल 1, 2, 3 और 4
(c) केवल 3, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

उत्तर: (c)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-trade-with-afghanistan-and-nepal